**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–02.01.2025 (संध्या 1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज सातवें बजट पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की, केंद्रीय वित्त सचिव सहित वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारक बैठक में हुए शामिल।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखण्ड के सभी 47 श्रमिकों की हुई सुरक्षित वापसी, नियोजकों के खिलाफ हुई कार्रवाई, श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ने का दिया आदेश।**
- **रांची के सदर सीओ रिश्वत लेते गिरफ्तार, एसीबी की कार्रवाई में घर से लाखों रुपए किये गए बरामद।**
- **झारखंड में शीतलहर से जनजीवन हुआ अस्त–व्यस्त, 15 जिलों में न्यूनतम तापमान पहुंचा 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे।**
- **युवा और खेल मंत्रालय ने की राष्ट्रीय खेल पुरुस्कारों की घोषणा, निशानेबाज मनु भाकर और चेस प्लेयर डी. गुकेश को खेल रत्न, झारखंड की हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को मिलेगा अर्जुन अवार्ड।**

*******************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2025–26 के संबंध में वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारकों के साथ सातवें बजट पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय वित्त सचिव, सचिव दीपम, आर्थिक मामलों के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार शामिल हुए। इससे पहले श्रीमती सीतारमण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों, उद्योग प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों, विभिन्न किसान संघों और प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की थी। वित्त वर्ष 2025–26 के लिए केंद्रीय बजट इस साल पहली फरवरी को संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखंड के सभी 47 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हो गई है। इस क्रम में 27 श्रमिक आज बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचें और कल सुबह शेष 08 श्रमिक झारखण्ड पहुच जायेंगे। इससे पहले 11 श्रमिकों की वापसी 29 दिसंबर को हुई थी।

गौरतलब है कि सेंट्रल अफ्रीका के कैमरून में कार्यरत झारखंड के हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह जिलों के 47 श्रमिकों को वेतन भुगतान न किए जाने और कंपनी द्वारा दुर्व्यवहार की जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को कार्रवाई का निर्देश दिया था, जिसके बाद फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित वापस लाने की प्रक्रिया शुरू की गई। प्राप्त शिकायत के आधार पर नियोजकों और बिचौलियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई थी।

मुख्यमंत्री ने इन श्रमिकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ने का भी निर्देश दिया, जिसके बाद उन्हें योजनाओं का लाभ देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

*******************

जामताड़ा जिला परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर वाहन चालकों एवं वाहन चालन से जुड़े लोगों का निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

मौके पर नेत्र चिकित्सक डॉ अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि सड़क सुरक्षा का पालन करने और दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग की ओर से इस शिविर का आयोजन किया गया है।

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले में आगामी 11 जनवरी से 27 फरवरी तक दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार विभिन्न प्रखंडों में लगे शिविरों में निर्धारित तिथि पर दिव्यांगजनों की जांच कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बांटा जायेगा। सिविल सर्जन ने बताया कि सभी शिविरो में अस्थि रोग, ENT, मनोरोग एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ के साथ ऑडियोलॉजिस्ट और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट उपस्थिति रहेंगे।

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे गुरविंदर सिंह सेठी के अंतिम दर्शन के लिए आज उनका पार्थिव शरीर रांची स्थित भाजपा कार्यालय में लाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय ने कहा कि गुरविंदर सिंह सेठी का अचानक हम सबको छोड़कर जाना बेहद ही दुखद घटना है।

*******************

भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रांची के सदर सीओ मुंशी राम को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इसके बाद मुंशी राम को एसीबी की टीम अपने साथ लेकर मुख्यालय चली गई जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। एसीबी को सूचना मिली थी की जमीन संबंधित काम को लेकर मुंशी राम रिश्वत की मांग कर रहे थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मुंशी राम के घर पर भी छापेमारी की जहां से करीब 11 लाख 42 हजार रुपये नकद बरामद किया गया।

*******************

रांची पुलिस ने एक आपराधिक घटना में कार्रवाई करते हुए तुपुदाना इलाके से पिकअप वैन लूटने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। रांची के नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि तीनों के पास से एक स्कूटी, एक पिकअप वैन के साथ एक हथियार और एक मास्टर चाबी बरामद की गई है। गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर दो अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

*******************

पूरे झारखंड में शीतलहर चल रही है और  रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। गुमला, लातेहार, खूंटी समेत राज्य के 11 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सयिस के नीचे पहुंच गया है। रांची मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने अगले दो से तीन दिनों तक राज्य में धुंध और कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में तापमान में भारी गिरावट देखी जा रही है। जिले में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। और ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

युवा कार्य और खेल मंत्रालय द्वारा गुकेश डी को चेस, हरमनप्रीत सिंह को हॉकी, प्रवीण कुमार को पारा एथलेटिक्स और ओलंपिक पदक विनर मनु भाकर को शूटिंग में उल्लेखनीय योगदान के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड 2024 दिया जाएगा।

इसके अलावा झारखंड की अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, ओलंपियन और भारतीय महिला हॉकी टीम की कैप्टन सलीमा टेटे सहित अन्य को अर्जुन अवार्ड दिया जाएगा। 17 जनवरी को राष्ट्रपति मुर्मू सभी चयनित खिलाड़ियों और कोचों को सम्मानित करेंगी। सलीमा को इस अवार्ड के लिए चुने जाने पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार सहित खेल विभाग झारखंड के अधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए इसे झारखंड के लिए गर्व का पल बताया है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग में आज ओडिसा के राउरकेला में सुरमा हॉकी क्लब का मुकाबला यूपी रुद्रास से होगा। यह मैच बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में सवा आठ बजे शुरू होगा।

*******समाप्त*******